सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा की पलायन समिति एवं युवा मामलों की समिति गठित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड विधानसभा की पलायन संबंधित समिति एवं युवा मामले संबंधी समिति का गठन किया है। पलायन समिति में विधायक केदार सिंह रावत को सभापति एवं युवा मामले संबंधी समिति में संजय गुप्ता को सभापति नामित किया है। पलायन संबंधित समिति में विधायक चंद्रा पंत, हरीश धामी, विनोद कंडारी, मुकेश कोली, महेंद्र भट्ट, मनोज रावत को सदस्य नामित किया गया है।

### स्पीकर अग्रवाल ने शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया

**संवाददाता** ऋषिकेश। विजय दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा है कि जब सीमाओं पर हमारे सैनिक खड़े हैं तभी यह देश चौन की नींद सो सकता है। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित विजय दिवस के दिन सैनिकों के सम्मान के अवसर पर अग्रवाल ने कहा है कि 16 दिसंबर 1971 को भारत और पाकिस्तान के बीच में जो युद्ध हुआ इस युद्ध में पाकिस्तान सेना ने भारतीय सशस्त्र बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

### पत्रकार महासंघ के पदाधिकारियों को स्पीकर ने दिलाई शपथ

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड पत्रकार महासंघ इकाई ऋषिकेश के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह के दौरान विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान श्री अग्रवाल ने विभिन्न क्षेत्रों में समाज को अपना योगदान देने वाले महानुभावों को सम्मानित भी किया। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया।

### डीआईटी विवि के दो छात्रों को मिला 30 लाख प्रति वर्ष का पैकेज'

**संवाददाता** 'देहरादून।' बी.टेक सीएसई बैच 2022 के यश विजान और उत्कर्ष राणा नाम के दो छात्रों ने 30 एलपीए के वार्षिक पैकेज के साथ सबसे बड़ी टेक दिग्गज अमेजन से उच्चतम प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त किया है। छात्र और उनके माता–पिता सुपर ड्रीम कंपनी के साथ प्लेसमेंट की पेशकश से खुश हैं और उनका सपना डीआईटी विश्वविद्यालय की मदद से पूरा हो सका । 200 विजिटिंग कंपनियों में से, 58 से अधिक कंपनियों ने आईएनआर 15 एलपीए से 30 एलपीए के बीच सीटीसी की पेशकश की है।

# उत्तराखण्ड का हो रहा है चहुमुखी विकासः सीएम

**आयुष संवाद**

■ ''आयुष संवाद''–उत्तराखण्ड आयुषः संसाधन एवं संभावनायें' कार्यक्रम का आयोजन



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री पोत परिवहन और जल मार्ग, आयुष, भारत सरकार सर्वानन्द सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को अलकनन्दा घाट, हरिद्वार में आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ''आयुष संवाद''–उत्तराखण्ड आयुषः संसाधन एवं संभावनायें' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड का चहुमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। उन्होंने कहा कि जब हम उत्तराखण्ड का 25वां स्थापना दिवस मनायेंगे, उस समय हमारा राज्य उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में हिन्दुस्तान का अग्रणी राज्य होगा, इसके लिये हम कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री पोत परिवहन और जल मार्ग, आयुष, भारत सरकार से उत्तराखण्ड में अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान खोले जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की उत्तराखण्ड राज्य से जो भी अपेक्षायें होंगीं, उन्हें हम पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक क्षेत्र में देश का नाम विश्व में रोशन किया है। उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अद्भुत कॉरिडोर बना है। अहिल्याबाई होल्कर जी के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने काशी विश्वनाथ के स्वरूप को संवारा है। उन्होंने केदारनाथ धाम व बद्रीनाथ धाम का उल्लेख करते हुये कहा कि केदारनाथ में 400 करोड़ रूपये की योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास हुये है तथा अप्रैल में केदारनाथ में तीसरे चरण के कार्यों की शुरूआत हो जायेगी।

सर्वानन्द सोनोवाल, केन्द्रीय मंत्री पोत परिवहन और जल मार्ग, आयुष ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये घोषणा की कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 10 बेड का आयुष हॉस्पिटल उत्तराखण्ड में स्थापित किया जायेगा, राज्य के प्रत्येक जिले में एक–एक मोबाइल आयुष यूनिट(आयुष रथ) संचालित किये जायेगे, राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राज्य में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी, राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत 50 बेड का यूनानी हॉस्पिटल स्थापित किया जायेगा, 100 आयुष वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी, नेशनल मेडिकल प्लांट्स बोर्ड की सहायता से 200 स्कूलों में हर्बल गार्डन की स्थापना की जायेगी, नेशनल मेडिकल प्लांट्स बोर्ड की सहायता से उत्तराखण्ड के तेरह जिलों में तेरह नर्सरियों की स्थापना की जायेगी, मेडिकल प्लांट आदि की अवस्थापना के लिये प्रत्येक वन पंचायत को 15 लाख की सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी में मर्म चिकित्सा की व्यवस्था होगी तथा यह देश का प्रमुख केन्द्र बनेगा।

### उत्तराखण्ड को महत्वपूर्ण प्रदेश के रूप में विकसित करेंगेः केंद्रीय आयुष मंत्री

केन्द्रीय आयुष मंत्री ने बताया कि भारत सरकार की ओर से उत्तराखण्ड को आयुष क्षेत्र के विकास के लिये सहायता दी जा रही है तथा उत्तराखण्ड को महत्वपूर्ण प्रदेश के रूप में विकसित करेंगे। पीएम दिन रात कड़ी मेहनत व ईमानदारी से देश की सेवा में लगे हुये हैं, जिससे हमें भी प्रेरणा व मार्गदर्शन मिलता रहता है।

उत्तराखण्ड के वन, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन, श्रम, कौशल विकास एवं सेवायोजन, आयुष, आयुष शिक्षा, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री डॉ हरक सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड महर्षि चरक ऋषि की धरती है। उत्तराखण्ड योग, आयुर्वेद, मां गंगा की धरती है।

समारोह को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय भारत सरकार, डी. सैन्थिल पाण्डियन, संयुक्त सचिव आयुष एवं आयुष शिक्षा, भारत सरकार, प्रो. सुनील कुमार जोशी, कुलपति उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय ने भी संबोधित किया।

# उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने को किए जाएगे प्रयास

**समीक्षा**

■ मुख्य सचिव ने उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा की



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं के जीवन में उच्च शिक्षा का अत्यधिक महत्व है। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में कॉलेज तो हैं पर फैकल्टी की कमी है। इसके लिए ऑनलाइन एजुकेशन एक अच्छा विकल्प है।

मुख्य सचिव ने कहा कि देश–विदेश और प्रदेश के बेस्ट टीचर्स के लेक्चर के वीडियोज सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराए जाएं। जिससे छात्र–छात्राओं को सबसे अच्छे अध्यापकों से ज्ञान अर्जन का अवसर मिलेगा। इसके लिए सभी कक्षाओं में टीवी या बड़ी स्क्रीन उपलब्ध करायी जाए। ऐसे क्षेत्रों में जहां नेटवर्क नहीं है, यह पाठ्य सामग्री और वीडियो पेनड्राईव के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। यह हमारे पर्वतीय संस्थानों के लिए अत्यधिक उपयोगी होगा। इससे हमारे शिक्षकों को भी विषय के बेस्ट लेक्चर सुनने का लाभ मिलेगा। मुख्य सचिव ने प्रत्येक राजकीय कॉलेज व यूनीवर्सिटी में इन्नोवेटिव क्लब बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नवाचार योजना को बढ़ावा दिया जाए, इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इस मद में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। साथ ही, देश के बेस्ट कॉलेज के मॉडल को अपनाकर अपने राज्य में लागू किया जाए। शुरुआत में प्रत्येक जनपद के एक कॉलेज में इसे शुरू की जा सकती है। जिसका अनुपालन अन्य सरकारी और प्राइवेट कॉलेज कर सकेंगे। उन्होंने टीचर्स को भी अपडेट रखने हेतु शॉर्ट टर्म कोर्सेज कराने जाने हेतु व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों को नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ) में अनिवार्य रूप में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस की रैली को मदन कौशिक ने बताया विफल

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने देहरादून में हुई राहुल गांधी की रैली को विफल बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हताश कांग्रेस को संजीवनी नहीं दे सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था और आज रैली में उन्हीं का बड़ा कट आउट लगाया था। उन्होंने इसे कांग्रेस का दोहरा चरित्र बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी ने उत्तराखंड की जनता और यहां के सैनिकों–पूर्व सैनिकों को निराश किया। आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पूर्व सैनिकों के लिए कभी कुछ नहीं किया। हमेशा सेना और सैनिकों का अपमान ही किया।

कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी ने उत्तराखंड के विकास और यहां की जनता की आवश्यकताओं के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं की। राज्य के बेहतरी के लिए उनके पास कोई रोड मैप भी नहीं था।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्कट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।